ह्यूमन कनेक्ट से समुदाय की भावना को बढ़ावा दे रहे विद्यार्थी

- आईआईएम रांची के विद्यार्थियों की अनूठी पहल, हो रही सराहना
- सात गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं इस श्रृंखला के तहत

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची ने अपने काउंसिलिंग सेल व रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस के सहयोग से अपने विद्यार्थियों को समुदाय से जोड़ने के लिए अनूठी पहल द ह्यूमन कनेक्ट श्रृंखला की शुरुआत की है। यह विद्यार्थियों के मानसिक व भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है।

प्रेसवार्ता में बुधवार को संस्थान के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि समुदाय के साथ जुड़ने का यह प्रयोग सफल रहा है। इस तरह की पहल अगर अन्य संस्थान भी करना चाहें तो मदद की जाएगी। द ह्यूमन कनेक्ट कार्यक्रम का संचालन प्रो तनुश्री दत्ता और प्रो गौरव मनोहर मराठे कर रहे हैं। वहीं, एमबीए के विद्यार्थी निखिल खट्टर व श्रेया आहूजा इसमें सहयोग कर रहे हैं। इस श्रृंखला के तहत की जाने वाली गतिविधियों में कलेक्टिव ड्रम सर्कल, ह्यूमन लाइब्रेरी, पौधरोपण, कलेक्टिव डांस, कलेक्टिव मेडिटेशन, रक्तदान शिविर आदि गतिविधियां शामिल हैं। इस श्रृंखला की सात गतिविधियां हो चुकी हैं।

Hindustan, 23.02.2023, Pg. 06